# शिकायती पत्र

क्रय-विक्रय अथवा लेन-देन के बीच ऐसे अनेक अवसर आते हैं कि जब किसी न किसी पक्ष को शिकायती पत्र लिखना पड़ता है। इन शिकायतों के अनेक कारण हो सकते हैं –

क) माल भेजने में विलंब होना।

ख) भूल से अथवा अन्य कारण से माल का बीजक आदेशानुसार न होना अर्थात् उससे न्यून न अधिक होना।

ग) दिए हुए नमूने के विपरीत घटिया माल भेजना

घ) माल के संवेष्टन में असावधानी बरतना जिससे मार्ग में माल का टूट-फूट जाना।

ङ) कथित मूल्य से अधिक मूल्य लगाना आदि।

गंगाराम एंड सन्स्, महात्मा गांधी रोड, बेंगलूर की ओर से प्रभात प्रकाशन, नई दिल्ली को कम माल भेजने पर एक शिकायती पत्र लिखें।

गंगाराम एंड सन्स्
(पुस्तक विक्रेता)

3/41, महात्मा गांधी रोड
बेंगलूर 560 001

क्रमांक : 23/24/...... दिनांक :../../.....

सेवा में
प्रबंधक
सर्वश्री प्रभात प्रकाशन
करोलबाग, नई दिल्ली

महोदय,

विषय : कम माल भेजने पर शिकायती पत्र।

आपके दिनांक ../../....को भेजा हुआ माल तथा बिल सं 101/09 प्राप्त हुआ। बिल देखने से ज्ञात हुआ कि आपने हमारे आदेश के अनुसार पूरा माल नहीं भेजा। हमें खेद है कि क्रमांक 12 और 14 में उल्लिखित पुस्तकें प्राप्त नहीं हुए हैं।

कृपया उक्त पुस्तकें शीघ्र प्रेषित करने की व्यवस्था करें। आशा है कि भविष्य में इस प्रकार की शिकायत का मौका नहीं देंगे।

सधन्यवाद

भवदीय

क.ख.ग.
प्रबंधक
कृते गंगाराम एंड सन्स्

शांतला सिल्क, बेंगलूर से देरी से माल प्राप्त होने पर एक शिकायती पत्र लिखें।

सर्वश्री नूतन वस्त्र भंडार
(सिल्क व साड़ियों के विक्रेता)

3/41, महात्मा गांधी रोड
बेंगलूर 560 001

क्रमांक : 29/24/.....                    दिनांक : ../../....

सेवा में
प्रबंधक
शांतला सिल्क
गांधी नगर, बेंगलूर

महोदय,

विषय : देरी से माल प्राप्त होने पर शिकायती पत्र।

हमने गत ../../....को साड़ियों और रेशमी वस्त्रों का आदेश भिजवाया था और अनुरोध किया था कि माल एक माह के भीतर हमें भिजवा दें। परंतु खेद के साथ लिखना पड़ रहा है कि हमारे आदेश का माल हमें समय पर प्राप्त नहीं हुआ। इस देरी से हमें अत्यधिक हानि उठानी पड़ी है।

आशा है कि भविष्य में इस प्रकार की शिकायत का मौका नहीं देंगे।

सधन्यवाद

भवदीय

क.ख.ग.
प्रबंधक
कृते नूतन वस्त्र भंडार

धारीवाल मिल्स, कानपुर ने आपके आदेश पर ऊनी कपड़ों का एक रेलवे पार्सल भेजा था, जो आपको नहीं प्राप्त हुआ है। आवश्यक विवरण देते हुए कमर्शियल मैनेजर, दक्षिण रेलवे, बेंगलूर के नाम पर एक शिकायती पत्र लिखिए।

अमरनाथ ट्रेडर्स<br>(वस्त्रों के थोक व्यापारी)

41, एस.पी.रोड<br>बेंगलूर 560 001

क्रमांक : 29/42/......                                        दिनांक : ../../....

सेवा में

कमर्शियल मैनेजर
दक्षिण रेलवे
बेंगलूर

महोदय,

विषय : <u>पार्सल न प्राप्त होने पर शिकायती पत्र।</u>

दिनांक ../../....को धारीवाल मिल्स, कानपुर ने हमें ऊनी कपड़ों का पार्सल भेजा था, जो हमें अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है। उनके द्वारा प्रेषित बीजक तथा रेलवे बिल्टी की प्रति आवश्यक कार्रवाई हेतु संलग्न कर रहे हैं। कृपया शीघ्र कार्रवाई कर हमें पार्सल भेजने का कष्ट करें।

सधन्यवाद

भवदीय<br><br>क.ख.ग.<br>प्रबंधक<br>कृते अमरनाथ ट्रेडर्स

संलग्न :
1) धारीवाल मिल्स की बीजक प्रति
2) रेलवे बिल्टी की प्रति।

**खराब संवेष्टन (पैकिंग) के कारण भारतीय साहित्य प्रकाशन, नई दिल्ली से प्राप्त पार्सल में लगभग दस हजार की पुस्तकें खराब पाई गईं। एक शिकायती पत्र लिखकर क्षतिपूर्ति की माँग करें।**

सपना बुक सेंटर
(पुस्तक विक्रेता)

3, रामकृष्ण मिशन रोड
बेंगलूर 560 001

क्रमांक : 92/24/......          दिनांक : ../../....

सेवा में
प्रबंधक
भारतीय साहित्य प्रकाशन
नई दिल्ली

महोदय,

विषय : खराब माल प्राप्त होने पर शिकायती पत्र।

आपके द्वारा प्रेषित पार्सल ../../....को प्राप्त हुआ। संवेष्टन (पैकिंग) के बहुत कमजोर होने के कारण करीब दस हजार की पुस्तकें पूरी तरह कट-फट और गंदी हो गई हैं। यह पुस्तकें हम आपको वापस भेज रहे हैं, कृपया उसकी क्षतिपूर्ति करने का कष्ट करें।

सधन्यवाद

भवदीय

क.ख.ग.
प्रबंधक
कृते सपना बुक सेंटर

# एजेंसी संबंधी पत्र

बड़े-बड़े प्रतिष्ठान, व्यापारी अथवा उद्योगी अपने उत्पादनों या माल की बिक्री बढ़ाने के लिए नगरों और कस्बों के प्रतिष्ठित एवं प्रभावशाली व्यक्तियों को एजेंसी देते हैं। ऐसा करने से उनके माल की बिक्री बढ़ती है और अपनी निजी शाखाएँ खोलने का झंझट नहीं उठाना पड़ता है।

इस संबंध में एजेंसी देने का उत्सुक उद्योगी या व्यापारी अपने उत्पादनों की नवीनता और श्रेष्ठता का विज्ञापन देकर प्रमुख क्षेत्रों के व्यापारियों से आवेदन पत्र आमंत्रित करता है। एजेंसी का प्रस्ताव कई बार व्यापारी की ओर से भी आता है।

समाचार पत्र में दिए गए विज्ञापन से आपकी संस्था को ज्ञात हुआ है कि मिल्टन प्लास्टिक इंडिया लिमिटेड गांधीनगर, गुजरात को बेंगलूर में एक एजेंसी की जरूरत है। उक्त एजेंसी प्राप्त करने के लिए एक पत्र लिखिए।

राम प्लास्टिक्स
(प्लास्टिक के थोक व्यापारी)

279 राजाजीनगर
बेंगलूर – 50

क्रमांक : 17/23/20-21 दिनांक: ../../....

सेवा में
प्रबंधक
मिल्टन प्लास्टिक इंडिया लिमिटेड
गांधीनगर, गुजरात – 380 088

महोदय,

विषय: एजेंसी के लिए आवेदन पत्र ।

दिनांक ../../.... के दैनिक 'राजस्थान पत्रिका' में आपका विज्ञापन देखकर ज्ञात हुआ कि आप बेंगलूर में अपने उत्पादनों की एजेंसी देना चाहते हैं। हम आपसे उक्त एजेंसी के लिए आवेदन कर रहे हैं।

लगभग दस वर्षो से हम प्लास्टिक के उत्पाद का व्यापार कर रहे हैं। संपर्क की दृष्टि से संपूर्ण बेंगलूर में मुख्यत: हम ही माल भेजते हैं। हमारे प्रतिष्ठान के संबंध में आप निम्नलिखित प्रतिष्ठानों से पूछताछ कर सकते हैं।

1) सर्वश्री भरत प्लास्टिक
4-ई रोड, जयनगर
बेंगलूर – 10

2) सर्वश्री पूजा प्लास्टिक लिमिटेड
291, विजयनगर, बेंगलूर

हमें विश्वास है कि आपके उत्पादनों की बिक्री को हम बढ़ा सकते हैं। हम अपने माल की बिक्री पर 20% की छूट देंगे। हम आपको 10 दिनों के अंदर प्रतिष्ठान के बिलों का भुगतान करने का भी आश्वासन देते हैं।

हम आपको विश्वास दिलाते हैं कि यदि हमें एजेंसी मिली तो आपके व्यापार की वृद्धि का सदैव प्रयत्न करते रहेंगे।

सधन्यवाद

भवदीय

क.ख.ग.
प्रबंधक
कृते राम प्लास्टिक

**राम प्लास्टिक, राजाजीनगर, बेंगलूर को एजेंसी देने से पूर्व उनकी आर्थिक स्थिति के संबंध में पूछताछ करते हुए सर्वश्री पूजा प्लास्टिक को एक पत्र लिखिए।**

मिल्टन प्लास्टिक
(प्लास्टिक के थोक व्यापरी)

22, गांधीनगर
गुजरात – 38

क्रमांक : 17/23/20-21 दिनांक : ../../....

सेवा में

प्रबंधक
पूजा प्लास्टिक
बेंगलूर – 72

महोदय,

विषय: आर्थिक स्थिति की पूछताछ करते हुए पत्र।

सर्वश्री राम प्लास्टिक ने हमारे प्रतिष्ठान की एजेंसी के लिए अपना आवेदन भेजा है। उन्होंने इस संदर्भ में आपके प्रतिष्ठान के नाम का उल्लेख किया है। उनकी मासिक बिक्री लगभग 1,80,000/- रुपए होगी और वे 10 दिनों के अंदर भुगतान करेंगे। क्या उन्हें इतना उधार और समय आपकी दृष्टि में दिया जा सकता है?

हम आपको विश्वास दिलाते हैं कि उनके संबंध में आपके द्वारा दी गई सूचना गोपनीय रखी जाएगी।

सधन्यवाद,

भवदीय,

क.ख.ग.
प्रबंधक
कृते मिल्टन प्लास्टिक

राम प्लास्टिक एजेंसी की आर्थिक स्थिति की जानकारी देते हुए मिल्टन प्लास्टिक गांधीनगर, गुजरात को एक पत्र लिखिए।

मिल्टन प्लास्टिक
(प्लास्टिक के थोक व्यापरी)

234, विजयनगर
बेंगलूर – 4;

क्रमांक:17/23/**20-21** दिनांक : ../../....

सेवा में
प्रबंधक
मिल्टन प्लास्टिक
गांधीनगर, गुजरात – 31

महोदय,

विषय: आर्थिक स्थिति की जानकारी देते हेतु पत्र।

आपके दिनांक ../../....के पत्र के उत्तर में हमें यह सूचित करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि बेंगलूर स्थित सर्वश्री राम प्लास्टिक एक प्रतिष्ठित व्यावसायिक प्रतिष्ठान है। वे गत 10 वर्षों से बेंगलूर में व्यापार कर रहे हैं और सदैव समय पर बीजक का भुगतान करते हैं। यद्यपि हम उन्हें आपके पत्र में उल्लिखित राशि से कहीं अधिक सक्षम मानते हैं, तथापि हम इस संबंध में कोई उत्तर दायित्व अपने ऊपर नहीं ले सकते।

उक्त सूचना बिना किसी राग द्वेष के भेजी जा रही है।

सधन्यवाद

भवदीय,

क.ख.ग.
प्रबंधक
कृते पूजा प्लास्टिक

एजेंसी प्रदान करने की सूचना देते हुए राम प्लास्टिक, बेंगलूर को सर्वश्री मिल्टन प्लास्टिक, गांधीनगर, गुजरात की ओर से एक पत्र लिखें।

वाणी प्रकाशन
(साहित्य पुस्तकों के प्रकाशक)

3/41, करोल बाग
नई दिल्ली 110 001

क्रमांक : 23/24/10-11 दिनांक : ../../....

सेवा में
प्रबंधक
सर्वश्री राम प्लास्टिक
बेंगलूर

महोदय,

विषय : एजेंसी प्रदान करने संबंधी।

दिनांक ../../....का पत्र मिला, जिसमें आपने बेंगलूर में एजेंसी लेने की अपनी इच्छा व्यक्त की है। हमें यह सूचित करते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है कि आपको उक्त एजेंसी की स्वीकृति प्रदान की जा रही है।

हमारे इस स्वीकृति-पत्र के साथ अनुबंध-पत्र की दो प्रतियाँ संलग्न है। इनमें एजेंसी का कमीशन, भुगतान विधि इत्यादि सभी शर्तों का सविस्तार उल्लेख किया गया है। यदि ये शर्तें आपको स्वीकार्य हों, तो आप अनुबंध-पत्र की एक प्रति अपने हस्ताक्षर करके उसे शीघ्र लौटाने की कृपा करें।

इस संबंध में आपका उत्तर शीघ्र अपेक्षित है।

सधन्यवाद

भवदीय

क.ख.ग.
प्रबंधक
वाणी प्रकाशन

संलग्न:अनुबंध-पत्र

# बैंक संबंधी पत्र

आधुनिक व्यापार में बैंक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। प्राचीनकाल में जब लोगों के साधन सीमित थे, व्यापारिक लेन-देन भी सीमित ही थे। आज व्यापार का क्षेत्र नगर, जिले और राज्य की सीमा को लाँघ कर अंतर्राष्ट्रीय हो गया। अतः बैंकों के बिना व्यापार के अस्तित्व की कल्पना भी नहीं की जा सकती। व्यापारियों की सक्रिय पूँजी का बड़ा भाग बैंकों में जमा रहता है और वे अपना लेन-देन इन बैंकों के द्वारा ही करते हैं। बैंक दो व्यापारियों के बीच की कड़ी है।

आपके संस्थान द्वारा जारी धारक चेक खो गया है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, राजाजीनगर, बेंगलूर को उक्त चेक का भुगतान रोकने के लिए एक पत्र लिखें।

सुकीर्ति ट्रेडर्स<br>(वस्त्र व्यापारी)

3, नवरंग रोड<br>बेंगलूर 560 001

क्रमांक : 92/20/......                    दिनांक : ../../....

सेवा में

शाखा प्रबंधक
स्टेट बैंक ऑफ इंडिया
राजाजीनगर
बेंगलूर

महोदय,

विषय : धारक चेक के भुगतान रोकने हेतु पत्र।

हमनें ../../.... को धारक चेक संख्या 12345 श्री जयचंद को जारी किया था। उन्होंने सूचना दी है कि उक्त चेक उनसे खो गया है। कृपया उक्त चेक प्रस्तुत किए जाने पर भुगतान न करें।

सधन्यवाद

भवदीय<br><br>क.ख.ग.<br>प्रबंधक<br>कृते सुकीर्ति ट्रेडर्स

आपके प्रतिष्ठान द्वारा बैंक में जमा किए गए चेक का भुगतान नहीं हुआ है। इस संबंध में बैंक से स्पष्टीकरण माँगते हुए शाखा प्रबंधक, बैंक ऑफ इंडिया, इंदिरानगर, बेंगलूर को एक पत्र लिखें।

पुरुषोत्तम फैशन सेंटर
(वस्त्र व्यापारी)

3, सरजापुर रोड
बेंगलूर 560 001

क्रमांक : 12/20/.......                    दिनांक :.../.../......

सेवा में
शाखा प्रबंधक
बैंक ऑफ इंडिया
इंदिरानगर
बेंगलूर

महोदय,

विषय : भुगतान न होने पर स्पष्टीकरण माँगते हुए पत्र।

सर्वश्री मनोज ट्रेडर्स ने हमें दिनांक .../.../......को एक लाख रुपये का चेक (संख्या 44669) जारी किया था। हमने उसी दिन उसे अपने खाते में जमा भी किया था लेकिन उक्त राशि अब तक हमारे खाते में जमा नहीं हुई है। कृपया उक्त राशि शीघ्र हमारे खाते में जमा करें।

सधन्यवाद

भवदीय

क.ख.ग.
प्रबंधक
कृते पुरुषोत्तम फैशन सेंटर

# बीमा संबंधी पत्र

आधुनिक व्यापारी किसी भी प्रकार का जोखिम नहीं उठाना चाहता। वह अपने माल, संस्था का बीमा करा लेता है जिससे अग्नि या अन्य किसी कारण से माल या संस्था को हुई क्षति से सुरक्षा मिल सके।

बीमा कंपनी को एक निश्चित राशि देकर बीमा पत्र प्राप्त कर ली जाती है। यदि किसी दुर्घटना के कारण जान या माल की हानि हो जाती है, तो बीमा कंपनी जाँच-पड़ताल कर उस क्षति की पूर्ति कर देती है।

**शाखा प्रबंधक, न्यू इंश्योरेंस ऑफ इंडिया, सदाशिवनगर, बेंगलूर को एक पत्र लिखकर आपके संस्थान में आग दुर्घटना के कारण हुए बीस लाख रुपयों के नुकसान की क्षतिपूर्ति की माँग करें।**

नूतन वस्त्रलोक
(वस्त्र व्यापारी)

3, सी.वी.रामन रोड
बेंगलूर 560 001

क्रमांक : 12/20/...... दिनांक : .../.../........

सेवा में

शाखा प्रबंधक
न्यू इंश्योरेंस ऑफ इंडिया
सदाशिवनगर
बेंगलूर

महोदय,

विषय : क्षतिपूर्ति के दावे हेतु पत्र।

आपको सूचित करते हुए अत्यंत खेद हो रहा है कि कल शाम हमारे प्रतिष्ठान में आग लग जाने से लगभग बीस लाख रुपयों का माल जल कर नष्ट हो गया है। इसकी सूचना हमने तुरंत दमकल विभाग, अग्नि बीमा विभाग और पुलिस को दी। उन्होंने समय पर आकर हमारी यथासंभव सहायता भी की। पुलिस रिपोर्ट और बीमा पॉलिसी की एक प्रति आवश्यक कार्रवाई हेतु संलग्न है।

आपसे अनुरोध है कि अपने प्रतिनिधि को भेजकर निरीक्षण कराएं तथा उक्त हानि की क्षतिपूर्ति शीघ्र करने का कष्ट करें।

सधन्यवाद

भवदीय

क.ख.ग.
प्रबंधक
कृते नूतन वस्त्रलोक

संलग्न :1) बीमा पॉलिसी की प्रति
2) पुलिस रिपोर्ट की प्रति।

**सड़क दुर्घटना में आपके कार को बहुत क्षति पहुँची है। क्षतिपूर्ति की माँग करते हुए शाखा प्रबंधक, न्यू इंश्योरेंस इंण्डिया, जयनगर, बेंगलूर को एक पत्र लिखें।**

**प्रेषक**

**क.ख.ग.**
**16 विजयनगर**
**बेंगलूर – 40**

**सेवा में**

**शाखा प्रबंधक**
**न्यू इंश्योरेंस इण्डिया**
**जयनगर, बेंगलूर – 560 002**

**दिनांक : .../.../....**

**महोदय,**

**विषय : क्षतिपूर्ति के दावे हेतु पत्र।**

**कल शाम, जब मैं कार्यालय से घर जा रहा था, तब दुर्भाग्यवश जे.सी.रोड के समीप सड़क दुर्घटना के कारण मेरे कार को क्षति पहुँची हैं, मुझे बहुत खेद से लिखना पड़ रहा है कि इस दुर्घटना से 15000/- रु. की क्षति हुई है। इसकी सूचना हमने तत्काल दुर्घटना बीमा विभाग और पुलिस को दी है। पुलिस रिपोर्ट और बीमा पॉलिसी की एक प्रति आवश्यक कार्रवाई हेतु संलग्न है।**

**आपसे अनुरोध है कि अपने प्रतिनिधि को भेजकर निरीक्षण कराएं और उक्त राशि की क्षतिपूर्ति शीघ्र करने का कष्ट करें।**

**सधन्यवाद**

**भवदीय**

**क.ख.ग.**

**संलग्न :**
1) **बीमा पॉलिसी की प्रति**
2) **पुलिस रिपोर्ट की प्रति।**

## **नौकरी संबंधी आवेदन पत्र**

शिक्षा प्राप्ति के बाद हम सबको एक न एक दिन, आजीविका के लिए कार्य तो खोजना ही पड़ता है। कुछ लोग अपने पैतृक व्यवसाय में लग जाते हैं और जो इतने भाग्यशाली नहीं होते अथवा जीवन में परिवर्तन चाहते हैं, वे नौकरी की खोज में निकलते हैं।

प्रायः समाचार पत्रों में विज्ञापन निकलते रहते हैं। विज्ञापन के उत्तर में अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र भिजवाता है। ऐसे आवेदन पत्र लिखते समय कुछ बातों का ध्यान रखना आवश्यक है। अभ्यर्थी जहाँ तक संभव हो, अपना आवेदन टाइप करा कर भिजवाए। केवल वांछित सूचनाएं ही उसमें दे। शिक्षा संबंधी योग्यता का विवरण देते समय प्राप्त श्रेणी का भी उल्लेख किया जाए।

विप्रो लिमिटेड, बेंगलूर में एक लेखाकार का पद खाली है। उक्त पद के लिए अपना आवेदन पत्र लिखिए।

दिनांक : ../../....

प्रेषक,

क.ख.ग.
122, राजाजीनगर
बेंगलूर – 54

सेवा में,

कार्मिक प्रबंधक
सर्वश्री विप्रो लिमिटेड कंपनी
जयनगर
बेंगलूर – 22

महोदय/महोदया,

विषय : लेखाकार के पद हेतु आवेदन पत्र।
संदर्भ : दैनिक पत्र 'दि हिन्दू', दिनांक ../../.... का विज्ञापन।

मैं अपना आवेदन-पत्र आपकी सेवा में उक्त पद के लिए भेज रहा हूँ। मैंने बेंगलूर विश्वविद्यालय से सन् 2018 में प्रथम श्रेणी में बी.कॉम. परीक्षा उत्तीर्ण की है। मैं गत तीन वर्षों से एच.पी. लिमिटेड में लेखाकार के पद पर कार्यरत हूँ।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि यदि मुझे अवसर प्रदान किया गया, तो अपने कठोर परिश्रम, कार्यनिष्ठा और व्यवहार से निश्चय ही आपको संतुष्ट कर सकूँगा।

सधन्यवाद

भवदीय

क.ख.ग

संलग्न : 1. प्रमाणपत्र की प्रतियाँ
2. अनुभव पत्र
3. जीवनवृत्त